No. of Printed Pages : 3

एम.एच.डी.-2

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

15255

सत्रांत परीक्षा

जून, 2018

एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं* ***चार*** *के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) घिर जातीं प्रलय घटाएँ
कुटिया पर आ कर मेरी
तम चूर्ण बरस जाता था
छा जाती अधिक अँधेरी ।

बिजली माला पहने फिर
मुस्क्याता था आँगन में
हाँ, कौन बरस जाता था
रस बूँद हमारे मन में ?

(ख) वह हँसी बहुत कुछ कहती थी,
फिर भी अपने में रहती थी,
सबकी सुनती थी, सहती थी,
देती थी सबको दाँव, बन्धु !

(ग) अगर मैं तुमको ललाती साँझ के नभ की अकेली तारिका
अब नहीं कहता,
या शरद के भोर की नीहार-न्हायी कुँई,
टटकी कली चम्पे की, वगैरह, तो
नहीं कारण कि मेरा हृदय उथला या सूना है
या कि मेरा प्यार मैला है ।

(घ) वह रहस्यमय व्यक्ति
अब तक न पायी गई मेरी अभिव्यक्ति है,
पूर्ण अवस्था वह
निज-सम्भावनाओं, निहित प्रभाओं, प्रतिभाव की
मेरे परिपूर्ण का आविर्भाव
हृदय में रिस रहे ज्ञान का तनाव वह,
आत्मा की प्रतिमा ।

(ङ) एक आदमी रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है ।
वह सिर्फ़ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ –
'यह तीसरा आदमी कौन है ?'
मेरे देश की संसद मौन है ।

2. भारतेन्दु के काव्य की अन्तर्वस्तु को स्पष्ट कीजिए। *16*

3. एक कवि के रूप में मैथिलीशरण गुप्त का मूल्यांकन कीजिए। *16*

4. जयशंकर प्रसाद के काव्य की विशेषताएँ बताइए। *16*

5. मुक्तिबोध की कविता में निहित वैचारिक आधारों की खोज कीजिए। *16*

6. शमशेर की काव्य-संवेदना पर विचार कीजिए। *16*

7. नागार्जुन एक जनकवि हैं — इस कथन की समीक्षा कीजिए। *16*

8. अज्ञेय के काव्य-शिल्प की विवेचना कीजिए। *16*

9. श्रीकांत वर्मा के काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। *16*